खनिज तथा ऊर्जा संसाधन



प्र 1 दांतों को गलने से रोकता है ?

(अ) चुना पत्थर (ब) फ्लूराइड (स) इल्मेनाइट (द) अभ्रक (ब)

प्र 2 निम्न मे सें कौनसा धात्विक खनिज है ?

(अ) अभ्रक (ब) पोटाश (स) चुना पत्थर (द) प्लेटिनम (द)

प्र 3 निम्न मे सें कौनसा अधात्विक खनिज है ?

(अ)तांबा (ब) जस्ता (स) मैंगनीज (द) अभ्रक (द)

प्र 4 निम्न मे सें कौनसा अलौह खनिज है ?

(अ)निकल (ब) कोबाल्ट (स) मैंगनीज (द)जस्ता (द)

प्र 5 निम्न मे सें कौनसा लौह खनिज है ?

(अ) तांबा (ब) सीसा (स) बॉक्साइट (द) मैंगनीज (द)

प्र 6 निम्न मे सें कौनसा ऊर्जा खनिज है ?

(अ) कोयला (ब)पेट्रोलियम (स) प्राकृतिक गैंस (द) उपर्युक्त सभी (द)

प्र 7 युरेनियम व थोरियम से प्राप्त होती है ?

(अ) जल विद्युत (ब) ताप विद्युत (स)पवन ऊर्जा (द)परमाणु ऊर्जा (द)

प्र 8 सर्वोत्तम प्रकार का लौह अयस्क कौनसा है ?

(अ) हेमेटाइट (ब)मैग्नेटाइट (स) लिमोनाइट (द) सिडेराइट (ब)

प्र 9 सर्वाधिक महत्वपूर्ण औद्योगिक लौह अयस्क कौनसा है ?

(अ) हेमेटाइट (ब)मैग्नेटाइट (स) लिमोनाइट (द) सिडेराइट (अ)

प्र 10 गुआ तथा नोआमुन्डी लौह अयस्क की खदाने कौनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ)झारखण्ड (ब)छत्तीसगढ (स)ओडिसा (द) कर्नाटक (अ)

प्र 11 कुदरेमुख लौह अयस्क की खदान कोनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ)झारखण्ड (ब)छत्तीसगढ (स)ओडिसा (द) कर्नाटक (द)

प्र 12 भारत मे मैंगनीज का सबसे बडा उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) ओडिसा (ब) कर्नाटक (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 13 एक टन इस्पात बनाने मे लगभग कितने किलोग्राम मैंगनीज की आवश्कता होती है ?

(अ) 10 किलोग्राम (ब) 20 किलोग्राम (स) 30 किलोग्राम (द) 40किलोग्राम (अ)

प्र 14 वर्ष 2016–17 अनुसार देश का सबसे बडा बॉक्साइट उत्पादक राज्य कोनसा है ?

(अ) ओडिसा (ब) बिहार (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 15 नेल्लोर अभ्रक पेटी कौनसे राज्य मे स्थित है ?

(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) बिहार (स) ओडिसा (द)झारखण्ड (अ)

प्र 16 वर्श 2016–17 के अनुसार भारत का सबसे बडा चुना पत्थर उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) गुजरात (ब) राजस्थान (स) मध्यप्रदेश (द) आन्ध्रप्रदेश (ब)

प्र 17 भारत का सबसे पुराना तेल उत्पादक राज्य कौनसा है ?

(अ) असम (ब) कर्नाटक (स) छत्तीसगढ (द)झारखण्ड (अ)

प्र 18 कोनसे उद्यौग प्राकृतिक गैंस के प्रमुख प्रयोक्ता है ?

(अ) इस्पात उद्यौग (ब) तांबा उद्यौग

(स) सीमेंट उद्यौग (द) ऊर्जा वउर्वरक उद्यौग (द)

प्र 19 केरल मे मिलने वाली मोनाजाइट रेत मे कोनसा खनिज पाया जाता है ?

(अ) खनिज तेल (ब) यूरेनियम

(स) थोरियम (द) कोयला (स)

प्र 20 भारत मे ज्वारीय ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु आदर्श क्षेत्र है ?

(अ) खम्भात की खाड़ी (ब) कच्छ की खाड़ी

(स) सुन्दर वन क्षेत्र (द) उपर्युक्त सभी (द)

रिक्त स्थान की पूर्ति सामने दिये गये विकल्पों में से कीजिए–

1 भूपर्पटी विभिन्न ______के योग से बनी चट्ठोनों से निर्मित है। (खनिजों/धातु)

2 सामान्यतः खनिज ______मे पाये जाते है। (अयस्को/मिट्टी)

<u>अतिलघुतरात्मक प्रश्न–</u>

प्रं 1 हमारे कुल पौष्टिक उपभोग का कितना प्रतिशत भाग खनिज है ?

उत्तर – 0.3 प्रतिशत

प्रं 2 अभी तक कितने खनिजो की पहचान की जा चुकी है ?

उत्तर– 2000 से अधिक खनिजो की

प्रं 3 मैग्नेटाइट लौह अयस्क मे कितने प्रतिशत लौहांश पाया जाता है ?

उत्तर – 70 प्रतिशत

प्रं 4 हेमेटाइट लौह अयस्क मे कितने प्रतिशत लौहांश पाया जाता है ?

उत्तर– 50–60 प्रतिशत

प्रं 5 ओडिसा मे लौह अयस्क की खदाने कोनसी है ?

उत्तर–मयूरभन्ज और केन्दूझर जिले मे बादाम पहाड खदान

प्रं 6 बेलाडिला पहाडी (छत्तीसगढ) से निकलने वाले लौह अयस्क का निर्यात विशाखापट्टनम पत्तन से कोनसे देशों को किया जाता है ?

उत्तर–जापान व दक्षिण कोरिया

प्रं 7 गोआ तथा रत्नागिरी (महाराष्ट्र) से निकलने वाले लौह अयस्क का निर्यात कौनसे पत्तन से होता है ?

उत्तर– मारमागाओ पत्तन से

प्रं 8 मध्यप्रदेश की बालाघाट खदाने देश का कितना प्रतिशत तांबा उत्पादित करती है ?

उत्तर– 52 प्रतिशत

प्रं 9 राजस्थान की खेतडी खदाने किसके लिए प्रसिद्ध है ?

उत्तर– तांबा उत्पादन के लिए

प्रं 10 उस खनिज का नाम बताईये जिससे एल्यूमीनियम प्राप्त किया जाता है ?

उत्तर– बॉक्साइट

प्रं 11 ओडिसा के कोरापुट जिले मे पंचपतमाली निक्षेप किसके लिए जाने जाते है ?

उत्तर– बॉक्साइट निक्षेप के लिए

प्रं 12 राजस्थान मे अभ्रक उत्पादक क्षेत्र कहा है ?

उत्तर– अजमेर के आस–पास

प्रं 13 सर्वोच्च परावैद्युत शक्ति, ऊर्जा ह्रास का निम्न गुणांक और उच्च वोल्टेज की प्रतिरोधिता के गुण कोनसे खनिज मे पाये जाते है ?

उत्तर– अभ्रक

प्रं 14 घातवर्ध्य,तन्य और ताप सुचालक के गुण कौनसी धातु मे पाये जाते है ?

उत्तर– तांबे में

प्रं 15 सीमेंन्ट उद्यौग के आधारभूत कच्चे माल का नाम बताईये ?

उत्तर– चूना पत्थर

प्रं 16 भारत में लिग्नाइट कोयले के प्रमुख भण्डार कहा है ?

उत्तर–नैवेली (तमिलनाडु)

प्रं 17 भारत मे कोयले के पश्चात् ऊर्जा का दुसरा प्रमुख साधन कौनसा है ?

उत्तर– पैट्रोलियम

प्रं 18 वर्तमान शताब्दी का ईधन किसे कहा है ?

उत्तर–प्राकृतिक गैस

प्रं 19 संश्लेशित वस्त्र,उर्वरक तथा रसायन उद्यौगों में एक नोडीय बिन्दु का कार्य कौन करता है ?

उत्तर–तेल शोधन शालाएँ

प्रं 20 CNG का पुरा नाम क्या है ?

उत्तर- Compressed Natural Gas सम्पीडित प्राकृतिक गैस

प्रं 21 भारत मे यूरेनियम व थोरियम कहाँ पाया जाता है ?

उत्तर– झारखण्ड और राजस्थान मे अरावली पर्वतश्रृंखला

प्रं 22 सौर ऊर्जा उत्पादन मे किस प्रौद्योगिकी द्वारा धुप को सीधे विद्यत मे परिवर्तित किया जाता है

उत्तर– फोटोवोल्टाइक प्रौद्योगिकी द्वारा

प्रं 23 भारत मे पवन ऊर्जा फार्म की विशालतम पेटी कहाँ अवस्थित है ?

उत्तर– तमिलनाडु मे नागरकोइल से मदुराई तक

प्रं 24 देश मे पवन ऊर्जा के प्रभावी प्रयोग के लिए जाने जाते है ?

उत्तर– नागरकोइल और जैसलमेर

प्रं 25 महासागरीय तली मे किन खनिजो की प्रचुरता है ?

उत्तर–मैंगनीज ग्रन्थिकाएँ

<u>लघुतरात्मक प्रश्न–</u>

प्रं 1 खनिज क्या है ?

उत्तर–भूवैज्ञानिको के अनुसार खनिज एक प्राकृतिक रूप से विद्यमान समरूप तत्व हे जिसकी एक निश्चित आन्तरिकं संरचना होती है।

प्रं 2 प्लेसर निक्षेप किसे कहते है ?

उत्तर– पहाडियों के आधार तथा घाटी तल की रेत मे जलोढं जमाव के रूप मे कुछ खनिज पाये जाते है ये निक्षेप प्लेसर निक्षेप कहलाते है ।

प्रं 3 रेट होल खनन क्या है ?

उत्तर–मेद्यालय के जोवाई व चेरापूंजी मे जंनजातियों द्वारा कोयले का खनन परिवार के सदस्यों द्वारा एक लम्बी संकीर्ण सुरंग के रूप मे किया जाता है जिसे रेट होल खनन कहते है ।

प्रं 4 बेलाडिला का क्या अर्थ है ?

उत्तर– बेलाडिला की पहाडिया (छत्तीसगढ) बैल के डील (ीनउच) से मिलती जुलती है जिसके कारण ये नाम पडा ।

प्रं 5 कुदरेमुख का क्या अर्थ है ?

उत्तर– कन्नड भाशा मे कुदरे शब्द का अर्थ है घोडा। कर्नाटक के पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी घोडे के मुख से मिलती जुलती है।

प्रं 6 मैगनीज अयस्क के उपयोग लिखिए ?

उत्तर– 1 लौह इस्पात बनाने मे 2 ब्लीचींग पाउडर बनाने मे 3 कीटनाशक दवाये बनाने में 4 पेंट बनाने मे

प्रं 7 तांबे का उपयोग लिखिए ?

उत्तर– बिजली के तार बनाने, इलेक्ट्रोनिक्स व रसायन उद्योग में।

प्रं 8 निम्न कोटि के भूरे कोयले का नाम बताईये ?

उत्तर–लिग्नाइट

प्रं 9 कोयले के प्रकार कौन–कौनसे है ?

उत्तर–1 एन्थ्रेसाइट–सर्वोत्तम प्रकार, कार्बन की मात्रा सर्वाधिक

2 बिटुमिनस–वाणिज्यिक उपयोग सर्वाधिक, लौह प्रगलन मे अधिक उपयोग

3 लिग्नाइट कोयला

4 पीट–कार्बन की मात्रा कम, नमी की मात्रा अधिक

प्रं 10 भारत मे प्रमुख तेल उत्पादक क्षेत्र कौनसे है ?

उत्तर– 1 मुम्बई हाई
2 अंकलेश्वर, कलोल (गुजरात)
3 डिगबोई, नहरकटिया, मोरन हुगरीजन (असम)

प्रं 11 HVJ गैस पाइपलाईन पर टिप्पणी लिखिए ?

उत्तर– 1700 किमी. लम्बी हजीरा–विजयपुर–जगदीशपुर गैस पाइपलाईन मुम्बई हाई और बसीन को पश्चिमी व उत्तरी भारत के उर्वरक,विद्युत व अन्य औद्योगिक क्षेत्रो से जोडती है

प्रं 12 भूतापीय ऊर्जा से क्या अभिप्राय है ?

उत्तर–पृथ्वी के आन्तरिक भागो से ताप का प्रयोग कर उत्पन्न की जाने वाली विद्युत को भूतापीय ऊर्जा कहते है ।

प्रं 13 भारत मे भूतापीय ऊर्जा के दोहन के लिए शुरू की गई दो प्रायोगिक परियोजनाओ के नाम बताइये ?

उत्तर– 1 हिमाचल प्रदेश मे मणिकरण के निकट पार्वती घाटी

2 लद्दाख मे पूगा घाटी

प्रं 14 परम्परागत तथा गैर परम्परागत ऊर्जा संसाधनो मे अन्तर स्पष्ट किजिए ?

उत्तर–

ऊर्जा के परम्परागत संसाधन	ऊर्जा के गैर परम्परागत संसाधन

1 इनमें लकडी, उपले, कोयला,पेट्रौलियम,प्राकृतिक गैस,जल व ताप विद्युत शामिल है। 2 कोयला,खनिज तेल व प्राकृतिक गैस अनवीकरण योग्य है। 3 पर्यावरण प्रदुषण करते है ।	1 सौर,पवन,ज्वारीय,भूतापीय,बायोगैस तथा परमाणु ऊर्जा शामिल है।? 2 परमाणु ऊर्जा को छोडकर भोश नवीकरण योग्य है । 3 पर्यावरण प्रदुषण नही होता है ।